दिनांक : 27.08.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का युवाओं से संवाद, खेलों को विकसित भारत की ताकत बताया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में टी-72 और टी-90 टैंकों के ओवरहॉल की नई सुविधा का भूमिपूजन किया।
- ओंकारेश्वर में पंचायतन मंदिर का शिलान्यास, एकात्म धाम बनेगा आध्यात्मिक केंद्र।
- भारत ने श्रीलंका से टेस्ट सीरीज 1-0 से जीती, दूसरा टेस्ट ड्रॉ।

अब समाचार विस्तार से...

**पीएम मोदी- खेलो इंडिया संवाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के जरिए देशभर के युवाओं से वर्चुअली बातचीत की। उन्होंने महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि विकसित भारत की ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ओलंपिक के ज्यादा से ज्यादा खेलों में भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है और जिलों से नई खेल प्रतिभाएं तलाशनी होंगी।

वहीं प्रदेश के 110 से ज्यादा महाविद्यालयों में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। भोपाल में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलों को सिर्फ पदक जीतने तक सीमित नहीं रखा जा रहा है, बल्कि इसे युवा सशक्तिकरण और विकसित भारत 2047 से जोड़ा जा रहा है। वहीं इस अवसर पर मंडला रायसेन

छतरपुर बालाघाट मुरैना दतिया, छिंदवाड़ा अशोकनगर बड़वानी देवास सहित प्रदेश के सभी जिलों  में भी खेलो इंडिया संवाद खेल की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय स्तर पर युवा खिलाड़ियों ने आकाशवाणी के साथ देश और प्रदेश के बदलते खेल परिदृश्य पर अपने अनुभव साझा किये।

जबलपुर में टी-72 और टी-90 टैंकों के ओवरहॉल की नई सुविधा का आज भूमिपूजन किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में करीब 472 करोड़ रुपये की इस परियोजना की शुरुआत की। यहां हर साल 80 टैंकों की जांच, बड़ी मरम्मत और तकनीकी अपग्रेड किया जा सकेगा। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत से देश के रक्षा उत्पादन में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2014 में करीब 46 हजार करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन अब बढ़कर एक लाख 80 हजार करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात एक हजार करोड़ से बढ़कर करीब 39 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी भारत की बढ़ती तकनीकी और औद्योगिक क्षमता को दिखाती है।

**जनविश्वास अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अगस्त को बालाघाट में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में शामिल होंगे। रक्षाबंधन के अवकाश के कारण इस बार शनिवार को पूरे प्रदेश में जनविश्वास अभियान आयोजित किया जाएगा। बालाघाट में मुख्यमंत्री जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन में चिन्हित शिकायतकर्ताओं से सीधे उनकी समस्याएं सुनेंगे। इसके साथ ही बैठक और समीक्षा के अलावा मीडिया संवाद और उद्योग संवाद भी होगा। अभियान के दौरान सभी जिलों में सरकारी आवासीय स्कूल, आश्रम और छात्रावासों का निरीक्षण किया जाएगा।

**ओंकारेश्वर एकात्म धाम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में भव्य पंचायतन मंदिर का शिलान्यास किया। उन्होंने संतों के साथ 45 पवित्र शिलाओं का पूजन कर मंदिर निर्माण की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एकात्म धाम सिर्फ धार्मिक

स्थल नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान, आध्यात्मिकता और संस्कृति का बड़ा केंद्र बनेगा। पंचायतन मंदिर में मुख्य देवालय भगवान शिव का होगा, जबकि चारों कोनों पर भगवान विष्णु, सूर्य, गणेश और शक्ति के मंदिर होंगे।

**उपमुख्यमंत्री बाढ**

रीवा जिले में भारी बारिश और नदियों के उफान के बाद कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल लगातार बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर हालात का जायजा ले रहे हैं. कल उन्होंने लक्ष्मणपुर, मैरहा टोला, लोही, भटलो और कोठी सहित आसपास के गांवों में लोगों से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में सरकार लोगों के साथ खड़ी है और किसी को भी बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा।

**महाकाल राखी**

उज्जैन में रक्षाबंधन का पर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर में विशेष धार्मिक परंपराओं के साथ मनाया जाएगा। श्रावण पूर्णिमा पर सबसे पहले भगवान महाकाल को करीब दो फीट की विशेष राखी अर्पित की जाएगी। पुजारी परिवार की महिलाएं करीब एक सप्ताह से रेशमी कपड़े, रुद्राक्ष, मोर पंख और आभूषणों से यह राखी तैयार कर रही हैं। कल तड़के भस्म आरती के दौरान राखी चढ़ाई जाएगी और इसके बाद महिलाएं अपना व्रत खोलकर भाइयों को राखी बांधेंगी।

**रक्षाबंधन- मुफ्त बस सेवा**

रक्षाबंधन पर अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने महिलाओं के लिए 48 घंटे मुफ्त इंटरसिटी बस यात्रा की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा आज सुबह 6 बजे से 29 अगस्त सुबह 6 बजे तक लागू रहेगी। इसके तहत इंदौर से भोपाल, सागर, रतलाम, नीमच, अशोकनगर, झाबुआ और खरगोन जाने वाली बसों में महिलाएं मुफ्त सफर कर सकेंगी। इसके अलावा भोपाल से उज्जैन और गुना के बीच चलने वाली AICTSL बसों में भी यह सुविधा मिलेगी।

**उर्दू अकादमी- पांडुलिपियां**

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी ने वर्ष 2026-27 के लिए उर्दू पांडुलिपियों के प्रकाशन और आर्थिक सहायता के लिए आवेदन मांगे हैं। प्रदेश के साहित्यकार और शायर अपनी उर्दू पांडुलिपियां 25 सितंबर तक भोपाल स्थित उर्दू अकादमी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पांडुलिपि के साथ प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र देना जरूरी है।

**नशे पर प्रहार- पुलिस**

प्रदेश पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पिछले एक सप्ताह में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग जिलों में एमडी ड्रग्स, डोडाचूरा, गांजा, स्मैक और चरस समेत करीब 5 करोड़ 41 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। रतलाम में करीब 3 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति और बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा बरामद किया गया। छिंदवाड़ा में 320 किलो से ज्यादा गांजा, पिस्टल और कारतूस समेत करीब एक करोड़ 10 लाख रुपये की संपत्ति जब्त हुई। नीमच, उज्जैन, जबलपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर और ग्वालियर समेत कई जिलों में भी नशे के खिलाफ कार्रवाई की गई।

**क्रिकेट**

श्रीलंका ने फॉलोऑन खेलने के बाद भी भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ करा लिया। इसके साथ ही भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज एक-शून्य से जीत ली। भारत ने गॉल में पहला टेस्ट 165 रन से जीता था। कोलंबो टेस्ट में श्रीलंका के सोनल दिनूषा ने दोनों पारियों में शतक लगाकर शानदार प्रदर्शन किया। उनके शतक की बदौलत श्रीलंका ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 429 रन बनाए और 216 रन की बढ़त हासिल की, जिसके बाद दोनों टीमों की सहमति से मैच ड्रॉ समाप्त हुआ।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्से के 17 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई। मौसम विभाग के अनुसार कल भी प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी रह सकता है, जबकि 29 और 30 अगस्त को राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के 39 जिलों में अब तक सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं 16 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है।

**दुर्लभ कछुओं की तस्करी**

इंदौर में दुर्लभ कछुओं की तस्करी के खिलाफ स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 30 कछुओं के अवैध कारोबार में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14 इंडियन स्टार टॉरटोइज़, 10 इंडियन रूफ्ड टर्टल और 6 स्पॉटेड पॉन्ड टर्टल बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपी इंदौर के मूसाखेड़ी इलाके के रहने वाले हैं और वन्यजीवों की अंतरराज्यीय तस्करी में शामिल बताए जा रहे हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- झाबुआ में दुर्घटनाओं और यातायात जाम की समस्या से निपटने के लिए ने 25 अगस्त से 25 सितंबर तक भारी और भारवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- रक्षाबंधन पूर्व संध्या पर गुना में जिला स्तरीय "एक राखी–एक संकल्प, एक राखी–एक रिश्ता" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- रतलाम में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को रक्षा सूत्र बांधा

- टीकमगढ़ में लगातार हो रही तेज बारिश के कारण कलेक्टर ने हीरानगर बावरी पुल सहित जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा के सख्त निर्देश दिए।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के संरक्षण में आयोजित संस्कृत सप्ताह महोत्सव का अपर कलेक्टर डॉ. ममता खेड़े के मुख्य आतिथ्य और प्रो. हंसधर झा की अध्यक्षता में भव्य समापन हुआ।

..............................